भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. 139
सोमवार, 1 दिसंबर, 2025/10 अग्रहायण, 1947 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

संशोधित अतुल्य भारत डिजिटल प्लेटफॉर्म

139. श्री आलोक शर्मा:
श्री सुरेश कुमार कश्यप:
श्री विजय बघेल:
श्री मुकेश राजपूत:
श्री आशीष दुबे:
श्री विजय कुमार दूबे:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) भारत की वैश्विक पर्यटन में मौजूदगी को बेहतर बनाने और पर्यटकों के अनुभव में सुधार लाने के उद्देश्य से सरकार द्वारा आरम्भ किए गए संशोधित अतुल्य भारत डिजिटल प्लेटफॉर्म की मुख्य विशेषताएं क्या हैं;

(ख) उक्त प्लेटफॉर्म के माध्यम से आरम्भ की गई नवोन्मेषी डिजिटल विशेषताओं का ब्यौरा क्या है और उनका यात्रियों को निर्बाध और उपयोगकर्ता-केंद्रित यात्रा योजना अनुभव प्रदान करने के सम्बंध में क्या प्रभाव है;

(ग) क्या उक्त प्लेटफॉर्म को उड़ानों, आवास, परिवहन और स्मारकों हेतु प्रवेश टिकटों की निर्बाध बुकिंग के लिए ट्रैवल एजेंटों और अन्य डिजिटल सेवा प्रदाताओं के साथ एकीकृत किया गया है और क्या जबलपुर और उसके आस-पास के वन्यजीव अभयारण्य जैसे कान्हा, बांधवगढ़, पेंच और पन्ना भी इसमें शामिल हैं; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री **(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) और (ख): पर्यटन मंत्रालय ने देश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, प्राकृतिक सौंदर्य और विविध आकर्षणों को देखने में रुचि रखने वाले यात्रियों और हितधारकों के लिए एक व्यापक संसाधन के रूप में अतुल्य भारत डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म (आई.आई.डी.पी.) का नया संस्करण लॉन्च किया है। यह प्लेटफ़ॉर्म आगंतुकों को संस्कृति, विरासत, साहस, पाक-कला, निरोगता, कला एवं शिल्प, गाँव आदि जैसे विषयों सहित देश के पर्यटन आकर्षणों का एक आभासी अनुभव प्रदान करता है।

आई.आई.डी.पी. एक कृत्रिम बुद्धिमत्ता (ए.आई.)-संचालित टूल का उपयोग करता है, जो वास्तविक समय के मौसम संबंधी अपडेट, शहर की जानकारी और आवश्यक यात्रा सेवाएँ प्रदान करके आगंतुकों के अनुभव को उनके अनुरूप बनाता है।

(ग) और (घ): इस पोर्टल ने उड़ानों, होटलों, कैब और बसों तथा एएसआई स्मारकों के टिकटों की निर्बाध बुकिंग के लिए कई ओटीए (ऑनलाइन ट्रैवल एजेंट) और हितधारकों के साथ साझेदारी भी की है।

*****